प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

कुल्लू–दुर्घटना

कुल्लू जिला के आनी उप–मंडल के अंतर्गत शमशर–गुगरा सड़क मार्ग पर कल एक वाहन के चीड़ के पेड़ की चपेट में आने से ये अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे पलट गया, जिसमें चार लोगों की मृत्यु हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। प्राप्त सूचना के अनुसार हादसे के समय वाहन में चालक सहित कुल 7 लोग सवार थे, जिनमें 6 स्कूल अध्यापिकाएं शामिल थीं।

इस भीषण दुर्घटना में चार महिलाओं की मौके पर ही दुखद मृत्यु हो गई, जबकि चालक और दो अन्य अध्यापिकाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। *उपमंडलाधिकारी आनी, लक्ष्मण सिंह कनेट ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य तुरंत शुरू किया गया। प्रशासन द्वारा मृतकों के परिजनों को 25,000 रुपये प्रति व्यक्ति की अंतरिम राहत राशि प्रदान की गई है, जबकि घायलों को 5,000–5,000 रुपये की फौरी सहायता मौके पर ही दी जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रशासन घायलों के समुचित उपचार और प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है।*

.......................................................

कुल्लू दुर्घटना–शोक

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने इस हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत की आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने और घायलों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि ये घटना बेहद हृदय विदारक है और पूरे समुदाय के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत की आत्माओं शांति की प्रार्थना की।

.......................................................

एलपीजी–टैंकर

भारत आ रहे मार्शल आइलैंड्स ध्वज के एल.पी.जी. टैंकर, एमटी सर्व शक्ति, ने होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार कर लिया। इसमें 46 हजार 313 मीट्रिक टन एलपीजी है और 18 भारतीयों सहित चालक दल के 20 सदस्य सवार हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार इस टैंकर के 13 मई तक विशाखापत्तनम पहुंचने की उम्मीद है। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने कल संवाददाता

सम्मेलन में कहा कि क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और भारतीय ध्वज वाले जहाजों से जुड़ी कोई घटना दर्ज नहीं की गई है।

...................................................

विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस

आज विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस है। यह प्रेस की स्वतंत्रता पहलों को प्रोत्साहित करने और विकसित करने तथा विश्व स्तर पर प्रेस की स्वतंत्रता की स्थिति का आकलन करने का अवसर है। इस वर्ष का विषय – शांतिपूर्ण भविष्य का निर्माण है। इस वर्ष विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की पुष्टि करने और पत्रकारिता, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित प्रौद्योगिकी तथा मानवाधिकार कार्यकर्ताओं को भविष्य के लिए सूचना व्यवस्था मजबूत करने के व्यावहारिक तरीकों के लिए एकजुट करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की घोषणा संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1993 में यूनेस्को के 1991 में 26वें महासभा सम्मेलन में अपनाई गई एक सिफारिश के बाद की गई थी।

...................................................

नीट–परीक्षा

स्नातक चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट यूजी आज आयोजित की जाएगी। परीक्षा दोपहर 2 बजे शुरू होगी और शाम 5 बजे समाप्त होगी। नीट के सूचना बुलेटिन के अनुसार परीक्षा केंद्र में अंतिम प्रवेश दोपहर डेढ़ बजे तक होगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी वर्ष 2019 से नीट यूजी परीक्षा का आयोजन कर रही है। उम्मीदवारों को अपने प्रवेश पत्र के साथ मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड या राशन कार्ड जैसा एक मूल फोटो पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य है।

...................................................

प्रसार–भारती अध्यक्ष

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने प्रख्यात गीतकार, लेखक और संचार विशेषज्ञ प्रसून जोशी को भारत के लोक सेवा प्रसारक, प्रसार भारती का अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री जोशी का साहित्य, विज्ञापन, सिनेमा और जन संचार के क्षेत्र में व्यापक योगदान रहा है। अपने प्रभावशाली लेखन और गहन सांस्कृतिक संवेदनशीलता के लिए प्रसिद्ध श्री जोशी की समकालीन भारतीय मीडिया की दिशा को तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि उनके नेतृत्व में प्रसार भारती नई ऊर्जा, उद्देश्य और रचनात्मकता के साथ काम करेगी।

...................................................

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज सुबह से बारिश हो रही है। धर्मशाला, मंडी तथा ऊना में भी तेज हवाओं के साथ वर्षा का समाचार है। कुल्लू तथा चंबा में बादल छाए हुए हैं। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से राज्य में कल भी कुछ स्थानों पर वर्षा व ओलावृष्टि हुई। ओलावृष्टि से

फसलों व फलदार पौधों को नुकसान हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज और कल प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश, ओलावृष्टि और अंधड़–तूफान की चेतावनी जारी की है।

अधिक ब्यौरे हमारे शिमला जिला संवाददता से.........

*मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज और कल प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश, ओलावृष्टि और अंधड़–तूफान की चेतावनी जारी की है जिसके लिए कल 4 मई को प्रदेश के 5 जिलों सोलन ,सिरमौर, कुल्लू, मंडी और शिमला में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है 5 मई तक प्रदेश में मौसम खराब बने रहने के अनुमान है। प्डक के अनुसार, 2 मई से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय' हो गया है, जिसका असर 5 मई तक रहेगा। इस दौरान '40–50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं, बिजली गिरने और ओलों' के साथ बारिश होगी। ऊंचाई वाले इलाकों लाहौल–स्पीति, किन्नौर, चंबा, कुल्लू और शिमला के ऊपरी क्षेत्रों में 'हल्की से मध्यम बर्फबारी' भी हो सकती आकाशवाणी समाचार के लिए शिमला से योगराज शर्मा......*

.........................................................